Arabic
Cree
Dene
English
French
German
**Hindi**
Mandarin
Punjabi
Tagalog
Ukrainian
Urdu

# सस्काच्वान के 2024 प्रांतीय चुनाव में मतदान करने के लिए मार्गदर्शिका




Hindi

Elections SK

SK 2024 VOTES

## सस्काच्वान प्रांतीय चुनाव में मतदान करने के लिए यह आवश्यक है कि आप:



एक कनाडाई नागरिक हों

**18+**

कम से कम 18 वर्ष की आयु के/की हों



चुनाव की घोषणा से पूर्व छह महीनों के लिए सस्काच्वान निवासी हों।

## मतदान के लिए रजिस्टर करें

यदि आप पहले से रजिस्टर्ड नहीं हैं, तो आपको मतदान करने से पहले, अग्रिम रूप में या मतदान स्थल पर रजिस्टर करना होगा।




**विकल्प 1**
मतदान के लिए जाने से पहले elections.sk.ca/register पर ऑनलाइन रजिस्टर करें।



**विकल्प 2**
जब आप मतदान करने जाएँ, तो व्यक्तिगत रूप से रजिस्टर करें। आपको अपना पहचान-पत्र (ID) दिखाना होगा।

## मतदाता सूचना पत्र (Voter Information Card)

जो मतदाता पहले से ही रजिस्टर्ड हैं, उन्हें मतदान शुरू होने से पहले डाक में मतदाता सूचना कार्ड प्राप्त होगा। इस कार्ड में आपके लिए मतस्थल के स्थानों, तिथियों और अवधियों की सूची दी गई होगी।




# पहचान-पत्र (ID)

मतस्थल पर आपको मतपत्र दिए जाने से पहले आपको चुनावकर्मी को एक पहचान-पत्र (ID) दिखाना होगा, जो आपके नाम और पते की पुष्टि करता है। इसके लिए आपके पास तीन विकल्प हैं।

## विकल्प 1

**ड्राइवर्स लाइसेंस या नॉन-ड्राइवर फोटो आईडी**


इन कार्डों में आपका नाम और पता दिया गया होता है। इनमें आपके लिए आवश्यक सभी विवरण होते हैं।





## विकल्प 2

**दो पहचान-पत्र**

इन दोनों में आपका नाम प्रदर्शित होना चाहिए। कम से कम एक में आपका पता दिखाया जाना आवश्यक है। सामान्य पहचान-पत्रों में हेल्थ कार्ड, फोटो आईडी कार्ड, स्टुडेंट कार्ड, यूटिलिटी बिल या बैंक स्टेटमेंट शामिल हैं। आईडी के 50 से भी अधिक विकल्प उपलब्ध हैं। इनकी पूरी सूची ऑनलाइन www.elections.sk.ca/id पर दी गई है।





## विकल्प 3

**पहचान-पत्र नहीं**

ऐसा कोई पात्रतायुक्त मतदाता, जो आपको जानता है और आपके निर्वाचन-क्षेत्र में रहता है, वह मतस्थल पर आपकी पुष्टि कर सकता है। एक मतदाता केवल एक ही अन्य व्यक्ति की पुष्टि कर सकता है।



# मतदान करने के तरीके।

मतदान करने के और भी अधिक तरीके! आप केवल एक ही बार मतदान करेंगे/गी, लेकिन मतदान कब और कहाँ करना है, इसके लिए आपके पास और भी अधिक विकल्प उपलब्ध हैं।

## विकल्प 1

**मतदान सप्ताह**

स्थानों, दिनों और अवधियों की सूची आपके मतदाता सूचना कार्ड में दी गई होगी, या फिर www.elections.sk.ca पर जाएँ। विकलांगता-ग्रस्त मतदाताओं के लिए निर्दिष्ट पार्किंग स्थान उपलब्ध होंगे। अपना पहचान-पत्र लाएँ।




## विकल्प 2

**डाक से मतदान**

कोई भी पात्रतायुक्त मतदाता सुविधाजनक विकल्प के रूप में मतदान के सप्ताह से पहले डाक के माध्यम से मतदान कर सकता है। वेबसाइट www.elections.sk.ca/votebymail पर जून 2024 से आवेदन शुरू करें। जब आपका आवेदन स्वीकार कर लिया जाएगा, तो चुनाव शुरू होने के बाद आपके आवास पर एक बैलट किट भेजा जाएगा। ध्यानपूर्वक निर्देशों का पालन करें। बैलट किट पूरा भरके मतदान के अंतिम दिन से पहले उसे इलेक्शन्स सस्काच्वान (Elections Saskatchewan) को डाक से वापिस भेज दें।



## विकल्प 3

**होमबाउंड मतदान**

यदि आप किसी विकलांगता के कारण होमबाउंड (घर छोडने में असमर्थ) हैं, तो आप अपने घर पर एक चुनावकर्मी के आने की व्यवस्था कर सकते/ती हैं।



## विकल्प 4

**मान्य सुविधा में मतदान**

सामान्य रूप से किसी अस्पताल, व्यक्तिगत देखभाल गृह, या रिमांड सुविधा में मतदान केवल निवासियों के लिए ही उपलब्ध होता है, अन्य लोगों के लिए वॉक-इन के रूप में नहीं।



# मतदान करना आसान है।

यहाँ बताया गया है कि जब आप 2024 के प्रांतीय चुनाव के मतस्थल में मतदान करने जाते/ती हैं, तो क्या होता है।


1 एक चुनावकर्मी आपके नाम और पते की पुष्टि करने वाला पहचान-पत्र दिखाने के लिए कहेगा। यदि आपके पास पहचान-पत्र नहीं है, तो किसी अन्य पात्र मातदाता द्वारा पुष्टि करने का विकल्प उपलब्ध हो सकता है।




2 गोपनीयता के लिए आपको जो मुड़ा हुआ मतपत्र दिया गया है, उसे लेकर वोटिंग स्क्रीन के पीछे जाएँ।



3 मतपत्र खोलें। किसी एक उम्मीदवार के नाम के आगे X का निशान लगाएँ। यदि आपसे कोई गलती हो जाती है, तो किसी चुनावकर्मी से आपको नया मतपत्र दिए जाने के लिए कहें।



4 मत देने के बाद अपने मतपत्र को फिर से मोड़ें। अपने विकल्प को गुप्त रखें। किसी को भी यह न दिखाएँ कि आपने किसे मत दिया है। अपने मतपत्र की फोटो न खींचे, और न ही इसे इंटरनेट पर साझा करें।



5 एक चुनावकर्मी आपको अपना मतपत्र डालने के लिए पेटी दिखाएगा।



**यदि आपको सहायता चाहिए, तो चुनावकर्मी से पूछें। पेंसिल ग्रिप, क्लिपबोर्ड, मैग्निफायर और बैलट टेम्पलेट आवश्यकतानुसार उपलब्ध हैं। यदि आपको मतपत्र पढ़ने में सहायता चाहिए, तो आप अपने खुद के मोबाइल डिवाइस का उपयोग कर सकते/ती हैं।**

**इलेक्शन्स सस्काच्वान की वेबसाइट www.elections.sk.ca पर जानकारी, चुनाव परिणाम, तथा और भी बहुत कुछ उपलब्ध है,**

**जोकि चुनाव जानकारी का आधिकारिक स्रोत है।**

Elections SK

SK 2024 VOTES

आपका मत मायने रखता है।